कार्यालय, प्राचार्य स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली
जिला–महासमुंद (छ.ग.)
WebSite- www.govtcollegesaraipali.ac.in E-Mail-govtcollegesaraipali1971@gmail.com
Phone (Office) – 07725226368

सरायपाली दिनांक 30.08.2025

## ——:::: सूचना ::::——

महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त संकाय के स्नातक तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के प्रमुख प्रावधानों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से **दिनांक 01.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे** इण्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जावेगा, जिसमें GE/DSE एवं VAC विषयों के चयन के बारे में बताया जायेगा। अतः कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

**बैठक व्यवस्था –**

| कक्षा | कक्ष क्रमांक | प्रभारी |
|---|---|---|
| बी.एससी तृतीय सेमेस्टर | 23 | श्री राजकिशोर पटेल<br>श्री दीपक कुमार |
| बी.ए. तृतीय सेमेस्टर | 20 | श्रीमती हेमलता पटेल<br>डॉ. चंद्रिका चौधरी |
| बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर | 17 | श्रीमती प्राची गुप्ता<br>श्री देवेन्द्र कुमार मांझी |

संयोजक (NEP)

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

कार्यालय, प्राचार्य स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली
जिला–महासमुंद (छ.ग.)
WebSite- www.govtcollegesaraipali.ac.in E-Mail-govtcollegesaraipali1971@gmail.com
Phone (Office) – 07725226368

सरायपाली दिनांक 05.08.2025

## ———:::: सूचना ::::———

महाविद्यालय में नवप्रवेशित समस्त संकाय के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों सूचित किया जाता है कि **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के प्रमुख प्रावधानों एवं महाविद्यालय में लब्ध सुविधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से **दिनांक 06.08.2025 को प्रातः** 00 **बजे** इण्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जावेगा। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की स्थिति अनिवार्य है। कार्यक्रम में पालकगण भी सादर आमंत्रित हैं।

**बैठक व्यवस्था –**

| कक्षा | कक्ष क्रमांक |
|---|---|
| बी.एससी प्रथम सेमेस्टर | 23 एवं 24 |
| बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | 20 एवं 21 |
| बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर | 17 |

संयोजक (NEP)

प्राचार्य
PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

कार्यक्रम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में दी गई जानकारी

# नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



सरायपाली. स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में 6 अगस्त को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इंडक्शन प्रोग्राम और नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह आयोजित हुआ।

मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय पिरदा ने सहायक प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया। इसके बाद सहायक प्राध्यापकों ने बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और दीक्षारंभ समारोह का उद्घाटन किया। छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत डीएससी, जीई, व्हीएससी, एसईसी और एईसी के बारे में जानकारी दी गई तथा विषय चयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महाविद्यालय की सुविधाओं और विभिन्न गतिविधियों जैसे राष्ट्रीय सेवा योजना, इको क्लब, नेचर क्लब और रेडक्रॉस के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में पालकों की भी सहभागिता रही। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभारी मेघनाथ सिदार ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर उपेंद्र कुमार बरिहा, शब्या पटेल, राज किशोर पटेल, प्राची गुप्ता, हेमलता पटेल, चंद्रिका चौधरी, केएस पटेल सहायक प्राध्यापकों ने विभिन्न कक्षाओं में इंडक्शन कार्य किया।

## अनुशासन के साथ सफलता प्राप्त करने किया प्रेरित



डॉ. भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य केके तिवारी के निर्देशन में किया गया। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी देना था, ताकि छात्र अध्ययन के साथ सर्वांगीण विकास कर सकें। प्राचार्य तिवारी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश और इसके क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय प्रधान ने छात्रों को अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत बलौदा की सरपंच सरस्वती सेठ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रभारी एंजेला विजय लक्ष्मी लकड़ा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तकनीकी पहलुओं, जैसे क्रेडिट सिस्टम और शब्दावली की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि सरोज सेठ और नीलांबर तांडी भी उपस्थित रहे।


सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
दीक्षारम्भ
सत्र



011 ज.भा.24-25



